E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संचिका सं0** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2516 **पटना, दिनांक:–** 23/07/2026

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 1682 दिनांक 12.09.2025 द्वारा सुश्री प्रिया मिश्रा (AEN12156), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध दिनांक 01.08.2025 को छोटी–सी दुर्घटना हो जाने के कारण आवेदन Whatsapp Group में भेज कर दिनांक 01.08.2025 से लगातार अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 7127 दिनांक 21.11.2025 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। ससमय स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होने पर पुनः निदेशालय पत्रांक 426 दिनांक 09.02.2026 द्वारा स्मारित किया गया एवं यह भी उल्लेख किया गया कि स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

विदित हो कि स्मारित किये जाने के बावजूद भी इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना, कार्य करने के प्रति रूचि नहीं होना व आदेश की अवहेलना परिलक्षित करता है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत सुश्री प्रिया मिश्रा (AEN12156), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी का संविदा नियोजन अनुपस्थिति की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Suharsh 22/07/26
**(सुहर्ष भगत)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2516 **पटना, दिनांक** 23/07/2026

**प्रतिलिपि** : सुश्री प्रिया मिश्रा (AEN12156), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 22/07/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2516 **पटना, दिनांक** 23/07/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 22/07/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2516 **पटना, दिनांक** 23/07/2026

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

Suharsh 22/07/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\ANUSHKA 2026\Amit sir\Order\13-2024 22-07-2026 (Gaya ji-1).doc